# 25 फीट के रथ में सवार होंगे भगवान जगन्नाथ

**जगदलपुर।** बस्तर में निवासरत आरण्यक ब्राह्मण समाज के लोग भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा स्थानीय स्तर पर गोंचा पर्व के रुप में मनाते हैं। इस बार 24 जून को 25 फीट उंचे रथ पर आरुढ़ होकर भगवान जगन्नाथ भ्रमण पर निकलेंगे। इसके बाद वे अपनी मौसी के घर जाएंगे। इसके बाद स्वामी जगन्नाथ मंदिर से सवार होकर जनकपुरी सिरहासार भवन जाएंगे। जनकपुरी में 3 जुलाई को बाहुड़ा गोंचा तक लोगों को दर्शन देंगे। बस्तर गोंचा समिति के अध्यक्ष बनमाली प्रसाद पाणिग्रही ने बताया कि उनका समाज बस्तर में पिछले 609 वर्ष से लगातार गोंचा पर्व मनाता आ रहा है। रथ निर्माण सरकारी ठेके पर होता है जो बेड़ा उमरगांव के कारीगर करते हैं। पिछले 10 साल से अपने साथियों के साथ रथ बनाने वाले हरदेवराम के मुताबिक 25 फीट ऊंचा और 20 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा रथ बनकर तैयार होने में 8 दिन का समय लग जाता है। गांव के जिसमें रत्तूराम भारती, तुलसी एवं लुदरू मुख्य कारीगर हरदेव के साथ जुटे रहते हैं इसके लिए साल और टीनसा लकड़ी का उपयोग होता है जो रथ बनाने मे सबसे बेहतर और मजबूत होता है। भोजन की व्यवस्था भी वे स्वयं ही करते हैं। 8 दिन में रथ बना कर तैयार करने वाले हरदेव यादव ने बताया कि 10 कारीगरों को रथ बनाने के एवज में 49 हजार 5 सौ मिलता है। हर साल एक नया रथ तैयार किया जाता है। अन्य दो रथ पुराने ही चलाए जाते हैं। इन पर भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रह रखे जाते हैं।

# भारत के खिलाफ सीरीज के पहले दो मैचों के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित




**सेंट जोंस(आरएनएस)।** भारत के खिलाफ 23 जून से शुरू होने वाली पांच वनडे मैचों की सीरीज के पहले दो मैचों के लिए वेस्टइंडीज टीम की घोषणा कर दी गई है. वेबसाइट क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज खेलने वाली 13 सदस्यीय टीम को ही भारत दौरे के लिए भी चुना गया है. टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया. अफगानिस्तान के खिलाफ खेली गई सीरीज में चोट के कारण बाहर रहने वाले तेज गेंदबाज शेनन गेब्रिएल अभी तक पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं और भारत के खिलाफ चुनी गई टीम में जगह बनाने में असफल रहे हैं. वेस्टइंडीज के लिए यह सीरीज 2019 में होने वाले वर्ल्डकप में सीधा प्रवेश पाने के लिहाज से अहम है. वह इस समय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वनडे टीम रैंकिंग में नौवें स्थान पर है. रैंकिंग में शीर्ष आठ में रहने वाली टीमें ही विश्व कप में सीधे प्रवेश की हकदार होगी. बाकी टीमों को क्वालीफायर टूर्नामेंट खेलना होगा. उसकी कोशिश इस सीरीज को जीत अपनी रैंकिंग में सुधार करने की होगी.अफगानिस्तान के खिलाफ बारिश की भेंट चढ़े आखिरी और तीसरे मैच के कारण वह सीरीज 1-1 से बराबर रही थी और वेस्टइंडीज को नुकसान हुआ था. वेस्टइंडीज टीम : जेसन होल्डर (कप्तान), देवेंद्र बिशु, जॉनाथन कार्टर, रोस्टन चेस, मिग्युएल कमिंस, शाई होप (विकेटकीपर), अल्जारी जोसेफ, इविन लुइस, जेसन मोहम्मद, एशेल नर्स, केरन पावेल, रोवमैन पावेल और केसरिक विलियम्स.

# मतदान के लिए कतार में खड़े लोगों पर मधुमक्खियों का हमला, कई घायल

**पत्थलगांव के कोतबा मंडी चुनाव की घटना**

**रायपुर।** जशपुर जिले के पत्थलगांव के कोतबा मंडी चुनाव के लिए रविवार को मतदान के दौरान मधुमक्खियों ने कतार में खड़े मतदाताओं पर हमला कर दिया, जिससे एक निर्विरोध निर्वाचित सदस्य सहित कई लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार पत्थलगांव के कोतबा में मंडी में चुनाव चल रहा था। सुबह करीब पौने बारह बजे वोट डालने लाइन में मतदाताओं की लंबी कतार लगी थी। उसी बीच मंडी दफ्तर के छत पर मधुमक्खियों का एक बड़ा छत्ता है। बताया जाता है कि पक्षियों द्वारा इस छत्ते को चोंच मार दी। इसके बाद मधुमक्खियां बिदक गई और अपना पूरा गुस्सा कतार में खड़े मतदाताओं पर निकालते हुए उन पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से मतदान केन्द्र में हड़कंप मच गया । लोग बचने के लिए भागने लगे। इस दौरान एक निर्विरोध निर्वाचित सदस्य सुनील शर्मा भी वहां मौजूद था। मधुमक्खियों से बचने के लिए उसने वहां बिछाया गया कंबल को ही ओढ़ लिया। हालांकि इसके बावजूद मधुमक्खियों से वे भी नहीं बच पाये। उसके अलावा करीब 6 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मधुमक्खियों के हमले के कारण चुनाव प्रक्रिया करीब आधे घंटे तक प्रभावित रही। हालांकि मधुमक्खियों के वहां से चले जाने के बाद मतदान की प्रक्रिया पुनः शुरू की गई।

# कड़कनाथ की नस्ल बचाने विभाग ने दिया दो ग्रुपों को काम

**जगदलपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र में इन दिनों कड़कनाथ की संख्या बढ़ाने के लिए भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केवीके के प्रमुख अरूण सकनी ने बताया कि यह मध्यप्रदेश झाबुआ का देशी नस्ल है। इस नस्ल को बचाने के लिए दो ग्रुप को दिया गया है, जिसे दुगोली बीचपारा में 120 चूजे और कुएनार में 120 चूजे दिये गये हैं। यहां के ग्रामीण इन चुजों की देखभाल कर रहे हैं। कड़कनाथ मुर्गियां अंडों को सहज नहीं पाती, इसलिए इसे इन्टुवेटर के सहारे इसकी देखभाल की जा रही है। अंडों को इंटुवेटर में 22 दिनों तक निश्चित तापमान में रखा जाता है। इसके पश्चात अंडों से निकले चूजों को केवीके के फार्म में इनकी देखरेख की जाती है। सकनी ने बताया कि कड़कनाथ में लो फेट और हाई प्रोटीन होता है। इसमें प्रोटीन की मात्र 25 प्रतिशत होती है, बाकि मुर्गों में 18 से 20 प्रतिशत होती है। इसमें वसा भी 0.73 से 1.03 प्रतिशत होती है बाकि में 13 से 25 प्रतिशत पाई जाती है। यह लकवा के मरीजों के लिए औषधि के समान है। यह देशी नस्ल का किस्म है। एक मुर्गे की कीमत 600 रूपए है। इसका मांस और हड्डी काला और रक्त लाल गाढ़ा होता है। साढे चार महीने में 1 किग्रा तक शरीर भार होता है। बीमारियों से लड़ने में इसकी प्रतिरोधक क्षमता ज्यादा होती है। जिले में लगातार इसकी डिमांड बढ़ती जा रही है। कड़कनाथ को बचाने के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे हैं।

# वैवाहिक कार्यक्रम में तेज आवाज में बज रहा डीजे पुलिस ने जप्त किया

**भिलाई।**16,17 की दरम्यानी रात्रि लगभग 2 बजे सूचना प्राप्त हुई कि वैशाली नगर गोल मार्केट के पास एक वैवाहिक कार्यक्रम में डीजे का उपयोग तेज आवाज में किया जा रहा है। इस सूचना पर रात्रि चेक गश्त पर निकले शशि मोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, हमराह योगेश साहू परि.उप पुलिस अधीक्षक चौक प्रभारी वैशाली नगर तत्काल मौके पर पहुंचेकर डी.जे.को बंद कराया गया एवं उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग हेतु जारी दिशा निर्देश का उल्लंघन करना पाए जाने से डी.जे.जप्त कर कोलाहल अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है। जब्त किया गया डी.जे. गरवेल सिंह उर्फ गोलू कुलवंत डी. जे. जलेबी चौक वार्ड-20 भिलाई का है। पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील किया गया कि ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग हेतु उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का अनिवार्य रुप से पालन करें।

# बच्चों के लिए सेहत से भरपूर है पालक

हरी सब्जियों में पालक को आयरन हब कहा जाता है, जबकि देखा जाए तो इसमें आयरन के अलावा कैल्शियम और पोटेशियम भी बेहतरीन मात्रा में पाएं जाते है। यही वजह है कि पालक को बढ़ते बच्चों कि ग्रोथ के लिए सबसे अच्छा माना गया है। लेकिन फिर भी आप बच्चों कि डायट में पालक को शामिल करने को लेकर किसी तरह के संकोच में है तो आज हम बोल्ड स्काई पर आपको पालक के फायदों के साथ यह भी बताएंगे कि इसे कब बच्चों को खिला सकते है। **बच्चा कब खा सकता है पालक?** बच्चे कि डायट में पालक को शामिल करने के लिए उसका साल भर का होने का इंतेजार करना पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि पालक कि पत्तियों में नाइट्रेट नामक तत्व पाया जाता है, जो बच्चे आसानी से पचा नहीं पाते। **हड्डियां बनती है स्ट्रॉन्ग :** कैल्शियम, मैग्नेशियम और फोसफोरस से भरपूर पालक हड्डियों के लिए फायदेमंद है। यह बोन्स को स्वस्थय बनाए रखने के साथ उन्हें मजबूत बनाता है। मांसपेशियों के लिए हैं अच्छा है पालक। 100 ग्राम पालक में करीबन 3 ग्राम प्रोटीन पाए जाने के साथ ही इसमे एमिनो एसिड का बेहतरीन कॉम्बिनेशन मिलता है। इसी वजह से पालक मीट और लैग्मेस (किसी भी तरह कि फली) जैसे हाई प्रोटीन फूड से भी बेहतरीन माना जाता है। **स्वस्थ्य रक्तवह-तन्त्र :** आयरन और पोटाशियम ब्लड सरक्युलेशन में अहम रोल निभाते है। पालक में यह सबसे ज्यादा मात्रा में पाए जाते हैं। **इम्युनिटी के लिए बेहतर :** मल्टीविटामिन पालक में सभी तरह के खास विटामिन पाए जाते है। जिससे बच्चे का इम्युन सिस्टम हेल्दी रहता है। इतना ही नहीं, पालक विटामिन 'के का सबसे बड़ा फूड सोर्स है। **बनाए रखता है हाइड्रेशन लेवल :** पालक में 90 प्रतिशत पानी होता है और यह प्राकृतिक तरल पदार्थ से भरा होता है। इसी वजह से यह बच्चों को डिहाईड्रेशन से बचाता हैं।

# लगातार दूसरे सप्ताह सोने के भाव में गिरावट

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रूख के बीच आभूषण और फुटकर विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमतों में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट आई. औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की उठान घटने के कारण चांदी की कीमत भी 1,100 रुपए की गिरावट के साथ 39,000 रुपए के स्तर से नीचे 38,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई. बाजार सूत्रों ने कहा कि स्थानीय आभूषण और फुटकर विक्रेताओं की मांग में गिरावट तथा अमेरिका के बेहतर आर्थिक आंकड़ों के बाद डॉलर के मजबूत होने और बहुमूल्य धातुओं की मांग प्रभावित होने से वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों के कारण मुख्यतः सोने की कीमतों पर दवाब रहा. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना गिरावट दर्शाता 1,253.40 डॉलर प्रति औंस और चांदी गिरावट के साथ 16.69 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई. राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की सप्ताह के दौरान कमजोर शुरुआत हुई और सप्ताहांत में यह आगे और 200-200 रुपए की गिरावट दर्शाता क्रमशः 29,170 रुपए और 29,020 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ. हालांकि सीमित सौदों के बीच सीमित दायरे में घट बढ़ के बाद गिन्नी की कीमत पिछले सप्ताहांत के बंद स्तर 24,400 रुपए प्रति आठ ग्राम पर ही बंद हुई. चांदी तैयार की कीमत सप्ताह के अधिकांश हिस्से में दवाब में रही और यह 1,100 रुपए की गिरावट दर्शाता 39,000 रुपए के स्तर से नीचे 38,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई. इसी प्रकार दैनंदिन की बिकवाली से चांदी साप्ताहिक डिलीवरी के दाम भी 1,135 रुपए की गिरावट के साथ 38,480 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुए. चांदी सिक्कों की कीमत 1,000 रुपए की गिरावट के साथ लिवाल 72,000 रुपए और बिकवाल 73,000 रुपए प्रति सैकड़ा पर बंद हुई.

# सहारा को सुको ने कहा, 10 दिन में जमा करो 709 करोड़

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने सहारा ग्रुप के मुखिया बिजनसमैन सुब्रत रॉय को 10 और कार्यदिवसों की मोहलत देते हुए 709.82 करोड़ रुपये सहारा-सेबी रिफंड अकाउंट में जमा कराने को कहा है। कोर्ट ने दो साल जेल में बिता चुके सुब्रत रॉय की जमानत अवधि को 5 जुलाई तक बढ़ा दी है। उस दिन इस मामले की अगली सुनवाई होनी है। गौरतलब है कि सेबी ने सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन, सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट, उनके प्रमोटर सुब्रत रॉय और उनके तीन निदेशकों के खिलाफ 2012 में एक मामला दर्ज किया था। सेबी का आरोप है कि इन कंपनियों ने स्टॉक एक्सचेंज में सिक्यॉरिटीज लिस्ट कराए बिना निवेशकों से भारी रकम जुटाई। तिहाड़ जेल में 2 साल बिताने के बाद सुब्रत रॉय इस साल मई में तब बाहर आ पाए थे, जब उनकी मां का निधन हो गया था। उनका परोल इस शर्त पर बढ़ाया गया था कि वह निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए समय-समय पर सेबी के पास रकम जमा कराते रहेंगे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु General Knowledge

1 इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में कौन-कौन से संकाय है - नृत्य, संगीत चित्रकला एवं शिक्षण

2 छत्तीसगढी उपन्यास दियना के अंजोर के लेखक हैं - शिवशंकर शुक्ल

3 मुरिया जनजाति में पूस कोलांग नृत्य कौन करते हैं - पुरूष एवं स्त्रियॉं

4 छत्तीसगढ में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है - तीजन बाई, श्रीमती फूलबासन यादव, डा.महादेव पाण्डेय

5 छत्तीसगढ की किस नदी पर सस्पेंशन ब्रिज बनाया जायेगा - अरपा

6 7 दिसम्बर 2016 तक छ.ग. के ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री जन-धन खातों की संख्या थीं -1 करोड़ 19 लाख उन्तालीस हजार से अधिक

7 वेलोर का विद्रोह किस गर्वनर जनरल के समय हुआ था - सर जार्ज बारलो

8 किस राष्ट्रीयकृत वनोत्पाद का छ.ग. में समर्थन मूल्य पर संग्रहण किया जाता है - तेंदूपत्ता

9 रायपुर को नगर निगम का दर्जा कब मिला है - 1961

10 पंचायतों में अनु.जाति और अनु.ज.जा. का आरक्षण का प्रावधान किस अनुच्छेद में है -243 डी

11 जिला न्यायाधीश शब्द संविधान के किस अनुच्छेद में आया है - अनु. 233

12 कौन सी नदी विभ्रंश घाटी में प्रवाहित होती है - ताप्ती

13 कौन सा क्षेत्र मानसून की अरब सागर शाखा से अधिक प्रभावित नहीं होता - छ.ग. बेसिन

14 भारत में नीली क्रॉंति से सम्बंधित है - मत्स्य पालन

15 जरवा जनजाति पाई जाती है - निकोबार द्वीप

16 खंड और जिला पंचायतो की सीमा में परिवर्तन की अधिसूचना कौन जारी करता है - राज्यपाल

17 वर्ष 2015 - 2016 में छ.ग. में किस दलहन का उत्पादन सबसे अधिक हुआ है - चना

18 छ.ग. राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2015 16 में स्थिल मूल्यों पर पशुधन का योगदान क्या है - 1.27 प्रतिशत

19 छ.ग. उद्यानिकी क्षेत्र में किस फसल का क्षेत्र सबसे अधिक है - सब्जियों का

20 ड्रिप सिंचाई यरोजना के अंतर्गत राज्य के द्वारा लघु एवं सीमांत कृषको को लागत का कितना प्रतिशत अनुदान दिया जाता है - 60 प्रतिशत

21 किस भारतीय प्रख्यात इतिहासकार ने वर्ष 1857 की क्रांति को क्रांति नहीं माना है - आर0सी0मजूमदार

22 फरवरी 1928 में आयोजित सर्वदलीय सम्मेंलन के अध्यक्ष कौन थें - मोतीलाल नेहरू

23 कौन सी पर्वत श्रृंखला भारत में प्राचीनतम है - अरावली

24 गोविंद वल्लभसागर कहॉं स्थित है - उत्तर प्रदेश

25 मान्दरी नृत्य कौन करते हैं - मुरिया

26 छ.ग. में कत्थक नृत्य के विकास में किनका योगदान है - राजा चक्रधर सिंह

27 सरहुल त्योहार कौन सी जनजाति मनाती है - उरॉंव

28 कत्था बनाने वाली अनु.ज.जा. कौन है - खैरबार

29 छ.ग.की प्राचीन भाषा का नाम क्या था - कोसली

30 भारत में राष्ट्रीय न्यादर्श सर्वेक्षण 2011-12 के अनुसार चालू दैनिक स्थिति बेरोजगारी दर थी - 7.1 प्रति.

31 पिछले एक दशक में भारत के किस क्षेत्र में सर्वाधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह आकर्षित किया - सेवा क्षेत्र

32 कौन अपने पद की शपथ नहीं लेता - स्पीकर

33 भारतीय संस्कृति किसे अनंग कहा गया है - काम

34 भारतीय परमाणुवाद का जनक कहा गया है - महर्षि कणाद

35 भारतीय संस्कृति के अंतर्गत ऋत का अर्थ है - प्राकृतिक नियम

36 तमसो मा ज्योर्तिगमय कथन है - उपनिषदों का

37 महाभारत काल में महानदी का नाम था - महानंदा

38 किसान शापिंग मॉल का निर्माण कहा कराया गया - राजनांदगॉंव

39 कुटुम्मसर गुफा किस जिले में है - बस्तर

40 राजनादगॉंव जिले का चितवा डोगरी क्यों प्रसिद्ध है - प्राग एतिहासिक शैल चित्रों के कारण

41 छ.ग. के तिब्बती शरणार्थी कहा बसे है - मैनपाट

42 किस वर्ष में छ.ग.मध्य प्रांत का एक सम्भाग बना - 1862

43 प्राकृतिक गैस का मुख्य घटक है - मिथेन

49 किस वर्ष केन्द्रीय जल आयोग ने सिंचाई अनुसंधान एवं प्रबंध संगठन की स्थापना की -1984

50 कुटुम्मसर गुफाओं का अन्वेषण किया था - प्रो0 शंकर तिवारी

51 प्रथम छ.ग.फिल्म कहि देवे संदेश के निर्देशक कौन थें - मन्नू नायक

52 सूरजधारा याजना सम्बंधित है - बीज अदला-बदली

53 एण्टासिड होते हैं - भस्म

54 मायोपिया को ठीक किया जाता है - अवतल लैंस से

55 इनमें से खाद्य श्रृंखला का निर्माण करता है - घास बकरा आदि

56 भारतीय वायु सेना का पहला लड़ाकू विमान है - तेजस

57 फीफा द्वार 13 जनवरी 2015 को प्लेयर आफ द ईयर घोषित किया गया - लियोनेल मेसी

58 भारत की पहली सीएनजी ट्रेन 13 जनवरी 2015 को चली थीं - रिबाड़ी से रोहतक

59 वर्ष 2016 का ज्ञानपीठ पुरस्कार किसे दिया गया - शंखघोष

60 कौन से राष्ट्रपति सवोच्च न्यायालय में उपस्थित हुए थें जब सर्वोच्च न्यायालय राष्ट्रपति के निर्वाचन विवाद की सुनवाई कर रहा था - वी.वी.गिरी

61 किस लोकसभा का कार्यकाल लगभग 6 वर्ष का था - पॉंचवी

62 बेकिंग सोडा है - सोडियम हाईड्रोजन कार्बोनेट

63 मेघनाद पर्व से छ.ग. की कौन सी जनजाति सम्बंधित है - गोंड

64 छ.ग. में कबीर पंथ के संस्थापक है - धर्मदास

65 कहॉं का मडई सर्वाधिक प्रसिद्ध है - नारायणपुर

66 छ.ग. की सबसे साक्षर जनजाति है - उरॉंव

67 छ.ग.में सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2012-13 से 2015-16 के 04 वर्षो की अवधि में औसतन वार्षिक आर्थिक वृद्धि दर प्राप्त की है - 1 प्रतिशत

68 भारत में 8 कोर सेक्टर में किसे शामिल नहीं किया गया है - रसायन

69 देश में सबसे अधिक सूती वस्त्र किस सेक्टर में तैयार किया जाता है - पावरलूम

70 भारत सरकार ने विनिर्माण नीति कब जारी की थीं - 4 दिसम्बर 2011

71 शाहजहॉंनामा के लंखक हैं - इनायत खॉं

72 मुस्लिम लीग के प्रथम अध्यक्ष थे - आगा खॉं

73 किस वर्ष बम्बई में पहली भारतीय कपड़ा मिल की स्थापना हुई थीं - 1854

74 ताना भगत आंदोलन जतरा उरॉंव ने प्रारंभ किया था - 1914